पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1,

PM SHRI Kendriya Vidyalaya No.1,

वायु सेना स्थल, लोहगाँव, पुणे Air Force Station, Lohegaon, Pune 411 032

दूरभाष क्र. Telephone Nos. 020-26687656, 020-29996405

वेबसाइट Website: https://no1afspune.kvs.ac.in

ई - मेल E-mail: principalkv1afspune@gmail.com

संदेश

केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि सन् 1963 में स्थापित केंद्रीय विद्यालय संगठन इस वर्ष अपनी स्थापना की हीरक जयंती मना रहा है। इस सुदीर्घ यात्रा में केंद्रीय विद्यालय संगठन ने माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं को एक ऐसे प्रकाश स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया है, जो असंख्य विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन का पथ आलोकित कर रहा है। निश्चय ही यह स्थापना दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा को अग्रसर करते हुए सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा विद्यार्थियों के अनंत स्वप्नों एवं आकांक्षाओं को साकार करने हेतु संकल्पित होने का अवसर है।

सतत शोध एवं नवाचार राष्ट्र के उन्नयन का आधार हैं। नवोन्मेषक एवं नेतृत्वकर्ता के रूप में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-निर्माण हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में परिकल्पित अवधारणा के अनुरूप केंद्रीय विद्यालय संगठन छात्र-छात्राओं में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिक मूल्य, सामासिक संस्कृति एवं सह-अस्तित्व की भावना के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। केंद्रीय विद्यालय संगठन विभिन्न शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमताओं, अनुभव एवं आत्मविश्वास में वृद्धि करते हुए उनके सर्वांगीण विकास हेतु अनेकानेक अवसर प्रदान करता है। ध्येय वाक्य 'तत् त्वं पूषन् अपावृणु' की मूल भावना को आत्मसात कर केंद्रीय विद्यालय संगठन शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसकी पृष्ठभूमि में शिक्षकों का अथक परिश्रम एवं सतत, सार्थक प्रयास निहित हैं तथा अभिभावकों से प्राप्त सहयोग एवं उनका विश्वास भी प्रेरणास्रोत रहा है। मुझे विश्वास है कि ज्ञानार्जन, समर्पण एवं रचनात्मक सहयोग की यह यात्रा सतत गतिमान रहेगी।

अनंत शुभकामनाओं सहित,

आर. एन. वडालकर

प्राचार्य

पी.एम.श्री.के.वि. क्र.1 ए.एफ.एस. पुणे